**कार्यालय नन्द बाबा दुग्ध मिशन, उ0प्र0, लखनऊ**

**गौपालकों के लिए खुशखबरी!** **नन्द बाबा दुग्ध मिशन की सौगात!**

**मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत रू0 10,000 अथवा रू0 15,000 का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र पाने का अवसर**

**योजना के मुख्य बिन्दु–**

➢ यह योजना प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में लागू है।

➢ इस योजना के अन्तर्गत साहिवाल, गिर, थारपारकर, हरियाणा एवं गंगातीरी नस्ल की गायों का प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन उच्च स्तर पर होने पर (निर्धारित मानकों के अनुसार) चयनित गौपालकों को रू0 10,000 अथवा रू0 15,000 की प्रोत्साहन धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा।

➢ एक गाय के जीवनकाल में केवल एक बार प्रोत्साहन धनराशि का लाभ पशुपालक को देय होगा।

➢ एक प्रगतिशील गौपालक को अधिकतम 02 गाय के लिए प्रोत्साहन का लाभ अनुमन्य होगा।

➢ पुरस्कार गायों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ब्यॉत के लिए लागू है।

➢ गाय की ब्यॉत की तिथि से 45 दिन के अन्दर आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा।

इस योजना के सम्बन्ध में आवेदन नन्द बाबा दुग्ध मिशन पोर्टल https://nandbabadugdhmission.up.gov.in पर ऑनलाईन आमंत्रित किया जायेगा। योजना के सम्बन्ध में विवरण उक्त पोर्टल पर उपलब्ध है। योजना की अधिक जानकारी के लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उप दुग्धशाला विकास अधिकारी अथवा मुख्य विकास अधिकारी के कार्यालयों से सम्पर्क किया जा सकता है।

**गौपालन से आपकी आय बढ़ेगी, आपका एवं आपके परिवार का भविष्य सुनहरा होगा!**

7/7/25

मिशन निदेशक,
नन्द बाबा दुग्ध मिशन।